प्रादेशिक समाचार
06.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

रामनवमी को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में विशेश आयोजन किए गए हैं। रामनवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने श्री राम जानकी तपोवन मंदिर, निवारणपुर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने राज्य की सुख–शांति, समृद्धि और उन्नति की कामना की।

****************

हजारीबाग में रामनवमी के अवसर पर पारंपरिक दंगल का आयोजन किया गया जिस में हरियाणा, पंजाब, बनारस और हजारीबाग के लगभग 18 पहलवानों ने भाग लिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान ने बताया कि यह प्रयास रामनवमी को खास और परंपरा को जीवित रखने के लिए किया गया है।

इधर बोकारो जिले में भी रामनवमी पर भक्तों में उत्साह देखा गया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और श्रद्धालु भगवान श्रीराम के दर्शन कर परिवार की सुख–शांति की कामना कर रहे हैं।

****************

इधर सरायकेला–खरसावां जिले में भी रामनवमी का उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बजरंगबली मंदिरों में पूजा–अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी है, वहीं प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। हाईकोर्ट के निर्देश पर जुलूस में डीजे पर रोक लगाई गई है।

****************

देवघर जिले में रामनवमी के अवसर पर उपायुक्त विशाल सागर ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा–अर्चना की। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुख–शांति और स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर को निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

****************

झारखंड को निवेश केंद्र बनाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर जायेंगे। उनके साथ 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रहेगा, जिसमें मुख्य सचिव और विभागीय सचिव भी शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल मेड्रिड, बर्सिलोना और गोथेनबर्ग में उद्योगपतियों से मुलाकात करेगा। इस यात्रा का उद्देश्य एफडीआई और प्रवासी भारतीयों से निवेश आकर्षित करना है।

****************

साहिबगंज में चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच की चयन प्रक्रिया का अगला चरण 07 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। यह दौड़ प्रतिदिन सुबह 6 बजे से सिद्धो–कान्हू स्टेडियम स्थानीय स्तर पर संपन्न होगा। उपायुक्त हेमंत सती ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके–उनके कार्यों का आवंटन करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए।

****************

लातेहार जिले में वन विभाग ने सूखे पत्ते से ग्रीन कंपोस्ट बनाने की योजना तैयार की है।

****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 82 हजार 690 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत 95 हजार प्रति किलो रहेगी।

****************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज शाम हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। गुजरात तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि हैदराबाद चार मैच में एक जीत के साथ सबसे नीचे है। कल रात चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को पचास रनों से हरा दिया। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने मेजबान चेन्नई सुपर किंग्स को पच्चीस रनों से हराया। इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में शीर्ष पर आ गया है।

*******समाप्त*******